आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

रायपुर
गुरुवार, 8 फरवरी 2018

DB STAR FOLLOW-UP

पात्रता प्रमाण-पत्र के लिए वसूली करने वाले कर्मी को सेवा समाप्ति नोटिस



रविवि में हजार रुपए लेकर बेचे जा रहे पात्रता प्रमाण पत्र, परीक्षा विभाग के कर्मचारी एजेंट बन कर रहे सौदा

नियम से 200 रुपए की कटती है रसीद, बिना रसीद जमा किए 800 से हजार रुपए लेकर एक घंटे में बना कर दे देते हैं सर्टिफिकेट

रविशंकर यूनिवर्सिटी में पात्रता सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर उगाही का धंधा चल रहा है। तमाम डिपार्टमेंट में विषयों के पात्रता सर्टिफिकेट बनाने के लिए परीक्षार्थियों से 800 रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक वसूले जा रहे हैं। इसकी कोई भी रसीद आवेदनकर्ताओं को नहीं दी जा रही है। इसका खुलासा डीबी स्टार के स्टिंग में हुआ है

DB STAR STING

रायपुर • डीबी स्टार

डीबी स्टार के स्टिंग में पात्रता बनाने का दावा करते और पैसे की मांग करते कर्मचारी से हुई बात

जानिए, क्या है पात्रता सर्टिफिकेट

ऐसे समझिए...पूरे सेशन में कितने की होगी वसूली

हजारों पुराने स्टूडेंट्स

एक हजार तक वसूली

दैनिक वेतनभोगी गोपनीय विभाग में कर रहे काम

रविशंकर यूनिवर्सिटी में पैसा लेकर पात्रता सर्टिफिकेट बनाने वाले कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई है। उसे सेवा समाप्ति का नोटिस यूनिवर्सिटी की तरफ से दिया गया है। इसके अलावा अंतिम महीने की सैलेरी भी रोक दी गई है।

रायपुर • डीबी स्टार

डीबी स्टार ने 30 जनवरी को रविवि में हजार रुपए लेकर बेचे जा रहे पात्रता प्रमाण पत्र, परीक्षा विभाग के कर्मचारी एजेंट बन कर रहे सौदा शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इस मामले में यूनिवर्सिटी ने पहले दिन परीक्षा विभाग में पदस्थ यादराम टांडेकर को हटा दिया। इसके बाद आखिरी प्रक्रिया करते हुए नोटिस देकर उसे यूनिवर्सिटी से सेवा समाप्ति का नोटिस दे दिया गया है।

डीबी स्टार ने किया था खुलासा

डीबी स्टार ने स्टिंग के जरिए उगाही करने वाले को कैमरे में कैद किया था। इसके अलावा कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर उगाही किए जाने का खुलासा हुआ है। इस मामले में यूनिवर्सिटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी सेवा समाप्त कर दी है।

सेवा समाप्त कर दी गई है

उस कर्मचारी पर कार्रवाई कर दी गई है। उसकी सेवा समाप्त कर दी गई है। पहले ही दिन परीक्षा विभाग से हटा दिया गया है।
संदीप वानसूत्रे, कुलसचिव, रविवि